गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) सूचित किये गये मामलों की संख्या

अपराध की किस्म	1965	1966	1967	1968
हत्या	76	73	65	86
आत्महत्या	175	184	179	202
लड़कियों का अपहरण	137	124	142	163

अब तक दण्ड दिये गये व्यक्तियों की संख्या

(ख)	हत्या	51	37	23	31
	लड़कियों का अपहरण	32	24	8	7

(ग) दिल्ली में, प्रशासन द्वारा विधि तथा व्यवस्था की स्थिति का नियतकालिक पुनरीक्षण किया जाता है तथा इसे नियन्त्रण में रखने के समय समय पर उपयुक्त उपाय किये जाते हैं। जांच पड़ताल के लिये उत्तम संचार तथा वैज्ञानिक साधनों से दिल्ली पुलिस के आधुनिकीकरण की कई योजनाएं, हाल में स्वीकृत की गई हैं जो कार्यान्वयन की स्थिति में हैं। इससे दिल्ली पुलिस की कार्यकरण-दक्षता में और भी सुधार होगा।

दिल्ली परिवहन की बसों में अपराध

3904. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
कुमारी कमला कुमारी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :

क्या गृह-कार्य मंत्री 20 दिसम्बर, 1968 के दिल्ली परिवहन की बसों में अपराध के सम्बन्ध में अतारांकित प्रश्न संख्या 5267 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली पुलिस को भेजे गये 292 मामलों के सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाह की गई है; और

(ख) नवम्बर तथा दिसम्बर, 1968 में दिल्ली परिवहन की बसों में कितने अपराध हुए और उनके सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) सूचित किये गये 292 मामलों में से 77 मामलों में चालान किये गये हैं, 21 मामलों की जांच लम्बित पड़ी है, 192 मामलों का पता नहीं लगाया जा सका है तथा 2 मामले रद्द कर दिये गये थे। इन सभी मामलों में 112 व्यक्ति गिरफ़्तार किये गये।

(ख) 1-11-1968 से 31-12-1968 तक की अवधि में दिल्ली पुलिस को 64 मामले सूचित किये गये। इनमें से 20 मामलों में चालान किया गया है, 2 मामलों की जांच लम्बित पड़ी है, 41 मामलों का पता नहीं लगाया जा सका है तथा 1 मामला रद्द कर दिया गया है। इन मामलों में कुल मिला कर 25 व्यक्ति गिरफ़्तार किये गये।

मंत्रालयों में हिन्दी में कार्य करने के लिये नये कर्मचारी

3905. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
कुमारी कमला कुमारी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :

क्या गृह-कार्य मंत्री 20 दिसम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 5246 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न मंत्रालयो में हिन्दी के कार्य के लिए कितने नये कर्मचारियों की मंजूरी दी गई है और उन पदों के पदनाम क्या हैं जिन पर कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है;

(ख) क्या यह सच है कि इस प्रयोजन के लिये नये कर्मचारी भर्ती करने के सम्बन्ध में